मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-306
05/09/2019

वयोवृद्ध समाजवादी नेता एवं पूर्व विधायक स्व0 रघुपति गोप के शोक संतप्त परिजनों से मुख्यमंत्री ने की मुलाकात

पटना 05 सितम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज भोजपुर जिलान्तर्गत चरपोखरी प्रखण्ड के नगरांव ग्राम में वयोवृद्ध समाजवादी नेता एवं पूर्व विधायक स्व0 रघुपति गोप के शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने स्व0 रघुपति गोप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, विधायक श्री प्रभुनाथ राम, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******